# प्रेस नोट
## दिनांक - 12.08.2026, थाना उमरीबेगमगंज
## जनपद गोण्डा।

## थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने के 01 और वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

### कार्यवाही-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 94/2026, धारा 115(2), 352, 351(3), 324(4), 109(1) बीएनएस से सम्बन्धित 01 और वांछित अभियुक्त 01. मोनू पुत्र बाबूलाल निवासी बाबामठ बरौली थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा को ढेकिया पुल के आगे पेट्रोल पम्प से गिरफ्तार किया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण-

वादिनी द्वारा थाना उमरीबेगमगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 04.05.2026 को उसके गाँव के विपक्षीगण द्वारा उसके घर पर आये और गाली गुप्ता देते हुए उसके घर का टीना शेट तोड़ दिये, और मना करने पर वादिनी, उनके पुत्र, बहू , नातिन को भी मारे पीटे है। जिससे वादिनी के पुत्र अनील सिंह को गम्भीर चोटे आयी है। वादिनी की तहरीर पर थाना उमरीबेगमगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ तथा साक्ष्य संकलन के आधार धारा 109(1) बीएनएस की बढोत्तरी हुई थी। दिनांक 08.05.2026 को थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा वांछित 03 वांछित अभियुक्तों 01. बाबूलाल पुत्र जगदीश यादव, 02. सोनू पुत्र बाबूलाल, 03. लवकुश पुत्र चन्दू यादव को बाबामठ गाँव के मोड़ तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।
आज दिनांक 12.08.2026 को थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा घटना में संलिप्ट 01 और आरोपी अभियुकत मोनू पुत्र बाबूलाल को ढेकिया पुल के आगे पेट्रोल पम्प से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

01. मोनू पुत्र बाबूलाल निवासी बाबामठ बरौली थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा।

### पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0 94/2026 धारा 115(2), 352, 351(3), 324(4), 109(1), 191(2) बीएनएस थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा।

### गिरफ्तारकर्ता टीम-

01. उ0नि0 अरूण द्विवेदी
02. का0 जयप्रकाश उपाध्याय

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 12.08.2026**

## ऑपरेशन 'साइबर कवच' के दृष्टिगत थाना तरबगंज की साइबर हेल्पडेस्क टीम द्वारा पीड़ित की फ्रॉड गयी 1,00,000/- रूपये कराए गए वापस, पैसे वापस मिलने पर पीड़ित के चेहरे पर लौटी मुस्कान, पीड़ित ने गोण्डा पुलिस को किया धन्यवादः-

जनपद गोण्डा में साइबर फ्रॉड अपराध की रोकथाम के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के मार्गदर्शन में थाना तरबगंज की साइबर हेल्प डेस्क की टीम द्वारा पीड़ित की फ्रॉड गयी धनराशि को सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए धनराशि 1,00,000/- पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी।

## घटना का संक्षिप्त विवरण-

आवेदक श्री अरविन्द कुमार मिश्रा पुत्र जनार्दन मिश्रा निवासी ग्राम पूरेगाना बादलपुर थाना तरबगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना तरबगंज की साइबर हेल्प डेस्क में साइबर फ्रॉड के संबंध में शिकायत दर्ज करायी गयी थी। साइबर फ्राड गिरोह द्वारा क्यूआर कोड़ भेज कर 1 लाख रूपये का साइबर फ्राड कर लिया गया है। उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना तरबगंज की साइबर हेल्पडेस्क टीम द्वारा जनपदीय साइबर सेल टीम की सहयोग से कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक से ईमेल के माध्यम से विभिन्न जानकारियां एकत्रित कर नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर तत्काल कार्यवाही करते हुए सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए पीड़ित के 1,00,000/- रू0 की धनराशि वापस करायी गयी। पीड़िता द्वारा अपने रूपये वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए थाना तरबगंज की साइबर हेल्पडेस्क की टीम को धन्यवाद दिया गया।

**नोट-** साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर सूचना अंकित कराये, सूचना विलम्ब से देने पर साइबर अपराधियों द्वारा धन निकाल लिया जाता है। धन निकलने के उपरान्त पैसे वापस होने की सम्भावना बहुत कम होती है। लोगो को साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओ0टी0पी0, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। फ्रॉड ट्रांजेक्सन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाना पर गठित साइबर सेल को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएँ।

### साइबर सुरक्षा टिप्स-

01. ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें
02. किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें।
03. सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।
04. अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें।
05. अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें।
06. ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित वेबसाइट्स का उपयोग करें।
07. पासवर्ड को मजबूत और गुप्त रखें।
08. ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें।
09. साइबर बुलिंग और साइबर स्टॉकिंग के मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें।
10. ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलों में कंपनी प्रबंधन और पुलिस को सूचित करें

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक- 12.08.2026**

**डायल-112 की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पीआरवी टीम, गहरे पानी में डूब रहे व्यक्ति की बचाई जान-**

गोण्डा। जनपद गोण्डा में आमजन की सुरक्षा एवं सहायता के लिए संचालित डायल-112 सेवा द्वारा एक बार फिर तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए गहरे पानी में डूब रहे एक व्यक्ति की जान बचाई गई। आज दिनांक 08.08.2026 को समय करीब 8ः00 बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना धानेपुर क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति गहरे पानी में डूब रहा है, जिसके तत्काल सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही डायल-112 कंट्रोल रूम द्वारा संबंधित पीआरवी को घटना की सूचना देते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सूचना मिलते ही थाना धानेपुर क्षेत्र में संचालित ''पीआरवी संख्या-5643'' पर नियुक्त कमांडर आरक्षी हृदेश सिंह यादव एवं होमगार्ड चालक राकेश तिवारी द्वारा बिना किसी विलम्ब के तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना होकर अत्यंत कम समय में मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया। मौके पर पहुंचने पर पुलिस टीम ने देखा कि ''खिलावन कोरी पुत्र श्री राम तीरथ निवासी बढ़ई पुरवा, थाना धानेपुर, जनपद गोण्डा'' गहरे पानी में डूब रहे है। परिस्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीआरवी कर्मियों द्वारा ''असाधारण तत्परता, साहस एवं सूझबूझ'' का परिचय देते हुए तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ किया गया। पीआरवी कर्मियों द्वारा अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना आवश्यक सावधानी बरतते हुए डूब रहे व्यक्ति को गहरे पानी से बाहर निकालने का प्रयास किया गया और ''खिलावन कोरी को सकुशल पानी से बाहर निकाल लिया गया।'' समय रहते पुलिस टीम द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई के कारण एक व्यक्ति की जान बचाई जा सकी। पुलिस कर्मियों द्वारा व्यक्ति को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर उसकी स्थिति का जायजा लिया गया तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों एवं मौके पर मौजूद आमजन द्वारा पुलिस टीम की तत्परता एवं साहस की सराहना की गई। डायल-112 की सूचना प्राप्त होने के बाद पीआरवी कर्मियों द्वारा बिना समय गंवाए घटनास्थल पर पहुंचना तथा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ करना पुलिस की ''त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली'' एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ''कमांडर आरक्षी हृदेश सिंह यादव'' एवं ''होमगार्ड चालक राकेश तिवारी'' द्वारा दिखाई गई तत्परता, साहस एवं मानवीय संवेदनशीलता की स्थानीय नागरिकों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

''गोण्डा पुलिस की अपील''

गोण्डा पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि वर्तमान में बरसात के मौसम को देखते हुए ''नदी, नाले, तालाब, पोखर एवं अन्य गहरे जलस्रोतों के आसपास विशेष सावधानी बरतें।'' जलभराव एवं गहरे पानी वाले स्थानों पर अनावश्यक रूप से जाने से बचें तथा बच्चों एवं बुजुर्गों को ऐसे स्थानों पर अकेले न जाने दें। किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में घबराएं नहीं और तत्काल ''डायल-112'' पर सूचना दें। पुलिस एवं पीआरवी टीम द्वारा सूचना प्राप्त होते ही आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 12.08.2026**

## सोशल मीडिया पर आत्महत्या करने के प्रयास संबंधी पोस्ट के मामले में पुलिस की त्वरित कार्यवाही

मेटा द्वारा प्राप्त आत्महत्या संबंधी पोस्ट के संबंध में मुख्यालय स्तर से जनपदीय मीडिया सेल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कटरा बाजार क्षेत्रान्तर्गत निवासी कुलदीप पुत्र सीताशरण द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील के माध्यम से आत्महत्या करने के प्रयास संबंधी पोस्ट अपलोड की गई है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जनपदीय मीडिया सेल द्वारा तत्काल स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्राप्त लोकेशन के आधार पर तत्काल युवक से संपर्क कर उसकी काउंसलिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा युवक को उसके भविष्य पर पड़ने वाले अच्छे-बुरे प्रभावों के संबंध में समझाते हुए जीवन के महत्व तथा उसके परिवार पर पड़ने वाले संभावित प्रतिकूल प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही युवक द्वारा सोशल मीडिया पर अपलोड की गई उक्त पोस्ट को तत्काल डिलीट कराते हुए स्पष्ट रूप से हिदायत दी गई कि भविष्य में सोशल मीडिया पर आत्महत्या अथवा आत्महत्या के प्रयास से संबंधित किसी भी प्रकार की पोस्ट/रील अपलोड न करे तथा किसी व्यक्ति को प्रभावित/इम्प्रेस करने के उद्देश्य से ऐसा कोई कृत्य न करे, जिससे उसके परिवार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े अथवा समाज में गलत संदेश जाए। पुलिस द्वारा युवक को सोशल मीडिया के जिम्मेदार एवं सकारात्मक उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। इस प्रकार पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही से युवक को समय रहते काउंसलिंग की गई।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 12.08.2026**

**कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट द्वारा भिखारी/लावारिस/बेसहारा बच्चों को चिन्हित कर किया गया संवाद, समस्या सुनकर किया गया निस्तारण-**

गोण्डा। श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन, गोरखपुर द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग को प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाए जाने के उद्देश्य से प्रत्येक थाने पर कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) का गठन कर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद के कुल 18 थानों पर कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) का गठन करते हुए प्रत्येक थाने पर एक CPU प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रत्येक यूनिट में 02 पुरुष आरक्षी एवं 02 महिला आरक्षी को नामित किया गया था, जिनके द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में निरंतर कम्युनिटी पुलिसिंग से संबंधित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। आज दिनांक 12.08.2026 को CPU टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर भिखारी/लावारिस/बेसहारा बच्चों से संपर्क एवं संवाद स्थापित किया गया। आज की कार्यवाही के दौरान जनपद में कुल 10 बच्चों से संपर्क कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की गई। थाना कोतवाली नगर की CPU टीम द्वारा सर्वाधिक 09 बच्चों से संपर्क एवं संवाद स्थापित किया गया, जबकि थाना मोतीगंज की टीम द्वारा 01 बच्चे से संपर्क किया गया। कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट के माध्यम से जनपद पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों तक पुलिस की *मानवीय पहुंच एवं सहयोग* सुनिश्चित करना भी है। इस पहल के माध्यम से भिखारी, लावारिस एवं बेसहारा बच्चों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ समझकर उन्हें आवश्यक सहायता एवं संरक्षण दिलाने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से पुलिस-जन सहभागिता को और अधिक मजबूत बनाने तथा जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**